RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2023-2024

सच्चाई से रुबरु

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 अंक- 42 भीलवाड़ा, सोमवार, 20 अप्रैल 2026 पृष्ठ-04 मूल्य-04 रूपये

## होर्मुज में बढ़ा तनाव: ईरानी झंडे वाले जहाज पर अमेरिकी नेवी की कार्रवाई

### ट्रंप का दावा—नाकेबंदी तोड़ने की कोशिश; ईरान-अमेरिका टकराव के बीच हालात संवेदनशील

▪ स्मार्ट हलचल

**स्ट्रेट ऑफ होर्मुज की नाकेबंदी के बीच अमेरिकी नेवी ने ईरानी झंडे वाले कार्गो (मालवाहक जहाज) को अपने कब्जे में लिया है. इस कार्गो ने होर्मुज के पास अमेरिकी नौसैनिक की नाकेबंदी को पार करने की कोशिश की थी.**

**वॉशिंगटन/तेहरान** । खाड़ी क्षेत्र में एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरानी झंडे वाले एक जहाज को अमेरिकी नेवी द्वारा कब्जे में लिए जाने की खबर सामने आई है। इस घटनाक्रम ने पहले से जारी ईरान-अमेरिका टकराव को और तेज कर दिया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि संबंधित जहाज नाकेबंदी को तोड़ने का प्रयास कर रहा था और अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन कर रहा था। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सुरक्षा बनाए रखने के लिए यह कार्रवाई जरूरी थी।




वहीं, ईरान की ओर से इस कार्रवाई पर कड़ी प्रतिक्रिया सामने आई है। ईरानी अधिकारियों ने इसे अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताते हुए चेतावनी दी है कि यदि ऐसे कदम जारी रहे तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

शेषज्ञों के अनुसार, होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्गों में से एक है, जहां से बड़ी मात्रा में कच्चे तेल का परिवहन होता है। ऐसे में यहां किसी भी तरह का तनाव वैश्विक अर्थव्यवस्था और तेल बाजार पर सीधा असर डाल सकता है।

हाल के दिनों में दोनों देशों के बीच बयानबाजी और सैन्य गतिविधियों में बढ़ोतरी देखी जा रही है, जिससे युद्ध जैसे हालात बनने की आशंका जताई जा रही है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय लगातार दोनों देशों से संयम बरतने और कूटनीतिक समाधान निकालने की अपील कर रहा है।

फिलहाल स्थिति बेहद संवेदनशील बनी हुई है और पूरे विश्व की नजर इस घटनाक्रम पर टिकी हुई है।

## अजमेर-पुष्कर मार्ग पर बड़ा हादसा: 31 सवारियों से भरी बस 150 फीट गहरी खाई में गिरी, मासूम की मौत

### मायरा भरने जा रहे थे ग्रामीण, कई घायल; रेस्क्यू ऑपरेशन देर रात तक जारी

▪ स्मार्ट हलचल

**अजमेर** । अजमेर-पुष्कर मार्ग पर रविवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां 31 सवारियों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर करीब 150 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई यात्री घायल हो गए, जिनमें कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बस अजमेर से पुष्कर की ओर जा रही थी। इसमें सवार यात्री एक पारिवारिक कार्यक्रम 'मायरा भरने' के लिए जा रहे थे। इसी दौरान घाटी क्षेत्र में चालक का संतुलन बिगड़ने से बस सीधे खाई में जा गिरी।

हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीणों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया और पुलिस व प्रशासन को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और एंबुलेंस की टीमें मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया।



घायलों को खाई से बाहर निकालकर एंबुलेंस के जरिए अजमेर के जवाहरलाल नेहरू अस्पताल सहित अन्य अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

प्राथमिक जानकारी के अनुसार कई घायलों को गंभीर चोटें आई हैं, जिनका उपचार जारी है।

प्रशासन के अनुसार, दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर बस के ब्रेक फेल होने या चालक के नियंत्रण खोने की आशंका जताई जा रही है।

इस हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं प्रशासन द्वारा मृतक के परिजनों को नियमानुसार सहायता देने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

## राजस्थान में मौसम ने बदला मिजाज: कई जिलों में आंधी-बारिश, तापमान में गिरावट

### पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम सक्रिय, अगले 48 घंटे अहम




▪ स्मार्ट हलचल

**जयपुर**। राजस्थान में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। प्रदेश के कई हिस्सों में आंधी और हल्की से मध्यम बारिश का दौर देखने को मिल रहा है, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई है और लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से राज्य के उत्तरी और पूर्वी जिलों में बादल छाए रहने के साथ तेज हवाएं चल रही हैं। जयपुर, कोटा, उदयपुर, अजमेर, भीलवाड़ा और भरतपुर संभाग के कई इलाकों में कहीं-कहीं बारिश दर्ज की गई है।

वहीं पश्चिमी राजस्थान के कुछ क्षेत्रों में धूलभरी आंधी चलने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि आगामी 48 घंटों के दौरान कई जिलों में तेज हवाओं के साथ मेघगर्जन और हल्की बारिश हो सकती है।

तापमान की बात करें तो अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि, कुछ क्षेत्रों में दिन के समय उमस का असर भी बना हुआ है।

किसानों के लिए यह मौसम मिश्रित प्रभाव वाला माना जा रहा है। जहां एक ओर फसलों को नमी मिलने से फायदा होगा, वहीं तेज आंधी और बारिश से नुकसान की आशंका भी बनी हुई है।

प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान खुले स्थानों पर खड़े न रहें और पेड़ों या कमजोर ढांचों से दूरी बनाए रखें।

## दिल्ली डबल मर्डर केस में बड़े खुलासे: विवादित प्रॉपर्टी और ऊंचे ब्याज के कर्ज का नेटवर्क उजागर

### जमीन के सौदों और सूदखोरी के धंधे ने ली दो लोगों की जान, पुलिस जांच में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए

▪ स्मार्ट हलचल


**नई दिल्ली** । दिल्ली में हुए चर्चित डबल मर्डर केस की जांच में पुलिस को कई चौंकाने वाले खुलासे मिले हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह हत्याकांड विवादित प्रॉपर्टी की खरीद-बिक्री और ऊंचे ब्याज पर कर्ज देने के धंधे से जुड़ा हुआ था।

पुलिस के अनुसार, आरोपियों द्वारा लंबे समय से जमीन के विवादित सौदे किए जा रहे थे, जिसमें फर्जी दस्तावेजों और दबाव बनाकर प्रॉपर्टी कब्जाने जैसे मामलों की भी जानकारी सामने आई है। इसके साथ ही ऊंचे ब्याज पर कर्ज देने का अवैध कारोबार भी चलाया जा रहा था, जिसमें लोगों को भारी ब्याज के जाल में फंसाया जाता था।

जांच में यह भी सामने आया है कि पैसों के लेन-देन और प्रॉपर्टी विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से तनाव बना हुआ था, जो अंततः डबल मर्डर जैसी गंभीर घटना में बदल गया। पुलिस को शक है कि सुनियोजित तरीके से इस वारदात को अंजाम दिया गया।

घटना के बाद पुलिस ने कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है और मामले से जुड़े दस्तावेजों की गहन जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश किया जाएगा और इसमें शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस मामले ने राजधानी में अवैध प्रॉपर्टी कारोबार और सूदखोरी के बढ़ते जाल पर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं।



# कानपुर में पिता ने की जुड़वा बेटियों की हत्या, गिरफ्तार, घटना की वजह की जांच में जुटी पुलिस

▪ स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

**कानपुर**। आज यहां रविवार को एक पिता ने अपनी जुड़वा नाबालिग बेटियों (उम्र 11 वर्ष) की बेरहमी से गला काटकर हत्या कर दी गई। घटना की वजह समाचार लिखे जाने तक पता नहीं चल पाई है। पुलिस को इस नृशंस हत्याकांड की घटना की जानकारी भोर में साढ़े चार बजे के करीब डॉयल-112 के जरिए मिली। मौके पर पहुंची पुलिस हत्यारोपी पिता को गिरफ्तार करने के साथ ही दोनों बच्चियों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच में जुटी है। दिल दहलाने यह घटना नौबस्ता थाना क्षेत्र के विराटनगर स्थित त्रिमूर्ति अपार्टमेंट में हुई। पुलिस के मुताबिक



दोनों बच्चियां सगी जुड़वा बहनें थीं। उनकी उम्र 11 वर्ष बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस जब मौके पर पहुंची तो फ्लैट का दरवाजा खुला हुआ था। अंदर कमरे में दोनों मासूम बच्चियों के शव लहूलुहान पड़े थे। पुलिस ने आरोपित पिता को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसाार मारी गई दोनों बच्चियों के गले पर धारदार हथियार के वार के गहरे निशान मिले हैं। फॉरेंसिक टीम ने मौके से खून से सने कई सबूत जुटाने के साथ ही हत्या में इस्तेमाल किए गए हथियार के अवशेष भी अपने कब्जे में ले लिए हैं। पुलिस ने हत्यारोपी पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ की है। पुलिस का कहना है कि घटना की गहनता से जांच की जा रही है। यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि आखिर एक पिता ने ऐसा खौफनाक और बेरहम कांड कैसे और क्यों कर डाला? पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीनेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उनके आधार पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी। साथ ही मौके पर पुलिस बल भी तैनात कर दिया गया है ।

# शक्करगढ़ पुलिस की कार्रवाई: दो स्थाई वारंटी गिरफ्तार



▪ स्मार्ट हलचल

**शक्करगढ़** / थाना पुलिस ने लंबित मामलों में प्रभावी कार्रवाई करते हुए दो स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में पहला देवराज (27 वर्ष) पुत्र नंदा, जाति खाती, निवासी बरोदा थाना शक्करगढ़ है। वहीं दूसरा आरोपी कालू (65 वर्ष) पुत्र किशन, जाति भील, निवासी रतिया बड़दा थाना सदर, जिला बूंदी है। थाना शक्करगढ़ पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपियों के खिलाफ न्यायालय द्वारा स्थाई वारंट जारी किए गए थे और वे लंबे समय से फरार चल रहे थे। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना और लगातार निगरानी के आधार पर दोनों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जाएगा और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। इस कार्रवाई को लेकर क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में पुलिस की सक्रियता को सराहा जा रहा है।

# होटल में तोड़फोड़ और लूट का मास्टरमाइंड गिरफ्तार, 2000 रुपए का इनामी बदमाश दबोचा

▪ स्मार्ट हलचल

**दौसा**। जिले के महवा थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए होटल में तोड़फोड़ और लूट की वारदात को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में 2000 रुपए के इनामी बदमाश रोहिताश उर्फ आरके मीणा को दबोच लिया है, जो काफी समय से फरार चल रहा था।

क्या है पूरा मामला? दिनांक 17 फरवरी 2026 की रात करीब 1:30 से 2:00 बजे के बीच



महवा बाईपास स्थित एक होटल में आरोपियों ने कमरा नहीं मिलने पर जमकर उत्पात मचाया। गुस्साए बदमाशों ने होटल में तोड़फोड़ करते हुए खिड़की, दरवाजे, एलईडी, फ्रिज आदि सामान तोड़ डाले और करीब 5 हजार रुपए नकद भी लूट लिए। इस घटना में होटल मालिक को लगभग 3 लाख रुपए का नुकसान हुआ।

पुलिस की कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी रोहिताश उर्फ आरके मीणा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त लोहे का फरसा भी बरामद किया गया है।

गिरफ्तारियां और खुलासा इस वारदात में शामिल 3 अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल की गई कार और अन्य सामान भी पहले बरामद कर लिया था। मुख्य आरोपी पर हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट, अपहरण और डकैती जैसे गंभीर मामले पहले से दर्ज हैं।

### आगे की कार्रवाई

पुलिस अब अन्य फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है और पूरे नेटवर्क को खंगालने में लगी हुई है।

### संदेश साफ:

दौसा पुलिस अपराधियों पर लगातार शिकंजा कस रही है—"आमजन में विश्वास, अपराधियों में भय" का संदेश एक बार फिर साबित हुआ है।

# परशुराम जन्मोत्सव पर भक्ति का उल्लास: मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न

## पुर में आचार्य ब्राह्मण समाज का आयोजन, सनातन रक्षा का संकल्प; वृक्षारोपण कर 'परशुराम उपवन' विकसित करने की घोषणा

▪ स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा/** शहर के उपनगर पुर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आचार्य ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुरामजी की मूर्ति स्थापना कर विधि-विधान से प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न किया गया। पूजा-अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सम्पन्न हुए इस आयोजन में बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान समाज ने सनातन धर्म की रक्षा और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण का संकल्प लिया। इस मौके पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण भी किया गया। समाज ने घोषणा की कि उक्त



स्थल पर भगवान परशुराम के नाम से उपवन (पार्क) विकसित किया जाएगा, जिससे धार्मिक आस्था के साथ-साथ हरियाली को भी बढ़ावा मिलेगा। आयोजन ने श्रद्धा, सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी का अनूठा संदेश दिया।

# म्युल अकाउंट पर पुलिस का शिकंजा: बिगोद थाना पुलिस ने आरोपी मोहम्मद अयुब को दबोचा

## साइबर ठगी के नेटवर्क से जुड़ा संदिग्ध खाताधारक गिरफ्तार, आईटी एक्ट सहित गंभीर धाराओं में कार्रवाई

▪ स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** / साइबर अपराध पर नकेल कसते हुए पुलिस थाना बिगोद ने बड़ी कार्रवाई कर संदिग्ध म्युल अकाउंट धारक मोहम्मद अयुब लुहार को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के



निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारसमल जैन व वृत्ताधिकारी बाबूलाल विश्नोई के सुपरविजन में गठित टीम ने 17 अप्रैल को कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार, प्रकरण संख्या 69/2026 में आरोपी मोहम्मद अयुब लुहार (पिता अब्दुल रज्जाक लुहार), निवासी मुलतानी मोहल्ला बिगोद, को धारा 316(2), 318(4), 61(2)(क) बीएनएस व 66डी आईटी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया। जांच में सामने आया कि आरोपी का बैंक खाता संदिग्ध लेन-देन में उपयोग हो रहा था, जिसे म्युल अकाउंट के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था।

इस कार्रवाई में कांस्टेबल भूपेंद्र (1016) और ओमप्रकाश (2150) की विशेष भूमिका रही। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर साइबर ठगी के पूरे नेटवर्क का खुलासा करने में जुटी है।

# हाथरस, उन्नाव, मणिपुर, महिला पहलवानों के साथ ज्यादती करने वाली पार्टी के नेता महिला हितैषी होने का दावा नहीं करे: पूर्व मंत्री जाड़ावत

▪ स्मार्ट हलचल

**शंभूपुरा**। प्रदेश के कद्दावर कोंग्रेस नेता राजस्थान सरकार के पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत ने चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी द्वारा दिए व्यक्तत्व को लेकर करारा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस की चाल, चरित्र, और चेहरा बिल्कुल महिलाओं के पक्ष में है तभी 2023 में लाए गए नारी शक्ति वंदन अधिनियम दोनो सदनों में ध्वनिमत से पारित हो गया था। चाल चरित्र और चेहरा भाजपा का खराब है तभी इस बिल की आड़ में परिसीमन को आड़े रखकर कम जनसंख्या वाले दक्षिण राज्यों के साथ सौतेला व्यवहार करते हुए हिंदी पट्टी राज्यों की सीटे बढ़ाना एक मात्र लक्ष्य था जिसे इंडिया गठबन्धन ने एकजुट होकर संविधान को तोड़ने वाले इनके इस षडयंत्र को नाकाम कर दिया अगर भाजपा में इतनी ही महिलाओं के पक्ष में हमदर्दी होती तो 2023 का नारी शक्ति वंदन अधिनियम तत्काल प्रभाव से मोजूदा 543 सीटों पर महिला कोटा लागू करना था।

पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि महिला आरक्षण की मूल पहल (1989) राजीव गांधी सरकार ने पंचायतों और नगर पालिकाओं में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण का प्रस्ताव रखा था



जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर पंचायत राज पर महिलाओं को नेतृत्व का अवसर प्रदान करना और लोकतांत्रिक नींव को मजबूत करना था बाद में, तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव की सरकार के दौरान 1993 में इन संशोधनों (73वें और 74वें) को पारित किया गया, जिससे पंचायतों में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण सुनिश्चित हुआ यह पूर्णतया कांग्रेस की देन है।

प्रवक्ता नवरतन जीनगर ने बताया कि पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत ने अपने बयान में कहा कि कांग्रेस पार्टी ने सरोजिनी नायडू को पार्टी अध्यक्ष, इंदिरा गांधी को प्रधानमंत्री, मीरा कुमार को लोकसभा अध्यक्ष, प्रतिभा पाटिल को राष्ट्रपति बनाया। कांग्रेस ने भारतीय महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और कानूनी सशक्तिकरण के लिए कई महत्वपूर्ण कानून बनाए हैं। 2013 में 'निर्भया एक्ट' के जरिए महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित कानूनों को और सख्त बनाया गया था भाजपा की कथनी और करनी में अन्तर है।

# श्री नंद गोपाल गौशाला में पहुंचे श्री श्री 1008 श्री मुरलीधर जी महाराज

## गौ सम्मान अभियान को लेकर किया आह्वान, 27 अप्रैल को ज्ञापन सौंपने की अपील

▪ स्मार्ट हलचल

**खजूरी** । खजूरी उप तहसील क्षेत्र के गड़बोदिया ग्राम में आयोजित मंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत चल रही धार्मिक गतिविधियों के बीच रविवार को श्री श्री 1008 श्री मुरलीधर जी महाराज का आगमन हुआ। इस दौरान वे खजूरी स्थित श्री नंद गोपाल गौशाला पहुंचे, जहां गौभक्तों द्वारा उनका स्वागत किया गया।

जानकारी के अनुसार, गड़बोदिया गांव में 17 अप्रैल से 24 अप्रैल 2026 तक प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान मेवाड़ पीठाधीश्वर पूज्य गुरुदेव श्री श्री 1008 श्री स्वामी सुदर्शनाचार्य जी महाराज (गोपाल सत्संग आश्रम, बड़ी सादड़ी) के सान्निध्य में प्रतिदिन रात्रि



8 बजे भागवत कथा का आयोजन हो रहा है।

इसी क्रम में 19 अप्रैल को दोपहर के समय स्वामी सुदर्शनाचार्य जी महाराज खजूरी स्थित श्री नंद गोपाल गौशाला पहुंचे। यहां सौरभ पारीक, नंदलाल, मुकेश, भानु, आशीष, शंकर, लोकेश, संजय, श्रीराम, सुशील, राजकुमार, शैतान सहित अन्य गौभक्तों ने उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर 27 अप्रैल 2026 को प्रस्तावित "गौ सम्मान आह्वान अभियान" के पोस्टर का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान संतों ने गौमाता के सम्मान एवं उन्हें राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने के लिए जनसमर्थन जुटाने का आह्वान किया।

गौभक्तों से अपील की गई कि 27 अप्रैल को अधिक से अधिक संख्या में उपखंड अधिकारी, जहाजपुर के समक्ष पहुंचकर गौमाता के सम्मान में ज्ञापन सौंपा जाए। इस अभियान को सफल बनाने के लिए क्षेत्रवासियों से सक्रिय भागीदारी की अपील की गई।

कार्यक्रम के दौरान पूरे वातावरण में धार्मिक और सामाजिक जागरूकता का समावेश देखने को मिला, जहां श्रद्धालुओं ने गौ सेवा और धर्म के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।

# ऐतिहासिक रहा प्रथम सकल हिंदू समाज सामूहिक विवाह महोत्सव

▪ स्मार्ट हलचल

## 31 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

**भीलवाड़ा,** 19 अप्रैल। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर शहर में आयोजित प्रथम भव्य सकल हिंदू समाज सामूहिक विवाह महोत्सव अत्यंत गरिमामय एवं ऐतिहासिक रूप से सम्पन्न हुआ। श्री निम्बार्क पारमार्थिक सेवा ट्रस्ट (रजि.) के तत्वावधान एवं महंत श्री मोहन शरण जी शास्त्री के सानिध्य में आयोजित इस विवाह समारोह में मेवाड़ क्षेत्र के संत-महंत विशेष रूप से उपस्थित होकर नवदम्पतियों को आशीर्वाद देने पहुंचे। इस भव्य आयोजन में 31 जोड़े वैदिक रीति-रिवाजों के साथ परिणय सूत्र में बंधे। संतों के सानिध्य, वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक विधियों के बीच संपन्न हुए इस सामूहिक विवाह ने सामाजिक समरसता, सादगी और भारतीय संस्कारों का प्रेरणादायक संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः गणपति



पूजन एवं कलश स्थापना से हुई, जिसके पश्चात चित्रकूट धाम, नगर निगम से महंत श्री मोहन शरण जी के सानिध्य में भव्य शोभायात्रा एवं बारात निकाली गई। शोभायात्रा में रथ पर वर वधु सवार थे , घोड़े-बग्गियां और भजन-कीर्तन मंडलियों ने पूरे शहर को भक्तिमय माहौल में रंग दिया। शोभायात्रा के दौरान जगह जगह स्वागत किया गया। बाद में शोभा यात्रा ऋष्य श्रृंग संस्थान पहुंची जहां तोरण, वरमाला के साथ ही मेवाड़ क्षेत्र के संतो का सम्मान करने के पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार से पाणिग्रहण संस्कार सम्पन्न हुए। अंत में भावुक विदाई के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

मीडिया प्रभारी दिलीप सोनी ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को सहयोग प्रदान करते हुए समाज में एकता, सादगी और सेवा भावना को बढ़ावा देना है।

उन्होंने बताया कि आयोजन की सफलता में संत समाज, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवकों एवं शहरवासियों का विशेष सहयोग रहा। आयोजन की विशेष बात यह रही कि प्रत्येक नवविवाहित जोड़े को गृहस्थ जीवन की शुरुआत हेतु आवश्यक सामग्री उपहार स्वरूप प्रदान की गई, जिससे जरूरतमंद परिवारों को बड़ा संबल मिला।

भीलवाड़ा शहर का यह प्रथम आयोजन समाज में एकता, सहयोग और परोपकार का सशक्त संदेश देने वाला ऐतिहासिक महोत्सव साबित हुआ है, जिसने भविष्य में ऐसे आयोजनों के लिए नई दिशा प्रदान की है।




# कांग्रेस की "संगठन बढ़ाओ – लोकतंत्र बचाओ" अभियान के तहत शाहपुरा में भव्य जन-जागरण बैठक सम्पन्न



▪ स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा**-प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार "संगठन बढ़ाओ – लोकतंत्र बचाओ" अभियान के अंतर्गत आज शाहपुरा में एक महत्वपूर्ण एवं प्रभावी जन-जागरण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस विधायक प्रत्याशी नरेन्द्र कुमार रेगर ने कहा कि नगर निकाय चुनावों को टालना लोकतंत्र एवं संवैधानिक मूल्यों के साथ अन्याय है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इस मुद्दे को जन-जन तक पहुंचाकर जनता को जागरूक करें और संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाएं। ब्लॉक अध्यक्ष महावीर कुमावत ने अपने उद्बोधन में संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एकजुटता ही पार्टी की असली शक्ति है। वहीं नगर अध्यक्ष रमेश सेन ने कहा कि शाहपुरा क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को सक्रिय भूमिका निभानी होगी और जनता के बीच अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी। बैठक के दौरान फुलिया मण्डल अध्यक्ष प्रधान चाड़ा, बच्छखेड़ा मण्डल अध्यक्ष शंकर रैगर, बिलिया मण्डल अध्यक्ष भंवर गुर्जर, देवरिया मण्डल अध्यक्ष सावर कुमावत, ढिकोला मण्डल अध्यक्ष प्रभु गुर्जर, बनेड़ा नगर अध्यक्ष भंवर रैगर एवं अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष इकबाल शाह भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी रासा सिंह रावत के सानिध्य में शाहपुरा नगर के नव-नियुक्त 35 वार्ड अध्यक्षों का गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। सभी वार्ड अध्यक्षों को संगठन के विस्तार, जनसंपर्क बढ़ाने एवं पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में शाहपुरा-बनेड़ा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसजन, पूर्व विधायकगण, पूर्व पार्षद, ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस के वर्तमान एवं पूर्व पदाधिकारी, अग्रिम संगठनों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर संगठन को सशक्त बनाने एवं लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं से अपील की गई कि वे आगामी दिनों में अभियान को और अधिक गति देते हुए गांव-गांव एवं वार्ड-वार्ड तक पहुंचकर कांग्रेस की विचारधारा को मजबूत करें और जनसमर्थन बढ़ाएं।

# शाहपुरा खेल अकादमी निर्माण कार्य में अनियमितताओं पर औचक निरीक्षण, निर्माण कार्य रुकवाया गया

▪ स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा**-शाहपुरा क्षेत्र के माताजी का खेड़ा रोड स्थित निर्माणाधीन खेल अकादमी का आज शाहपुरा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। यह खेल अकादमी राजस्थान शहरी पेयजल सीवरेज एवं अवसंरचना निगम लिमिटेड (रूडसिको) के माध्यम से ठेकेदार द्वारा निर्मित की जा रही है। निरीक्षण के दौरान विधायक ने मौके पर निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताएँ पाईं। उपयोग में ली जा रही निर्माण सामग्री अत्यंत घटिया स्तर की पाई गई, साथ ही निर्माण कार्य भी गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया।



इस पर विधायक ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल प्रभाव से निर्माण कार्य रुकवाने के निर्देश दिए। विधायक डॉ. बैरवा ने मौके पर ही रूडसिको के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और जिला कलेक्टर, भीलवाड़ा को दूरभाष के माध्यम से स्थिति से अवगत कराते हुए तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के उद्देश्य से खेल अकादमी बनाई जा रही है, लेकिन घटिया निर्माण कार्य से उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जांच कर दोषी ठेकेदार एवं संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि आगामी निर्माण कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप ही किया जाए। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या भ्रष्टाचार को सहन नहीं किया जाएगा और जनहित से जुड़े हर मुद्दे पर सख्ती से निगरानी रखी जाएगी।

# यादव समाज का नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न, 25 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नवदंपत्तियों को दिया आशीर्वाद, दिव्यांग जोड़े का विवाह बना हमसफरसामूहिक विवाह सम्मेलन समानता, सहयोग और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं — लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला

▪ स्मार्ट हलचल

**कोटा।** अमृत सेवा संस्थान एवं यादव समाज गूंज महिला मण्डल के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को रामलीला दशहरा मैदान, सीएडी सर्किल, कोटा पर निःशुल्क सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक आयोजन में हाड़ौती संभाग सहित मध्यप्रदेश तक से आए कुल 25 जोड़े पारंपरिक वैदिक रीति-रिवाजों और मंत्रोच्चार के बीच विवाह बंधन में बंधे। विशेष उल्लेखनीय रहा कि इन 25 जोड़ों में एक दिव्यांग जोड़ा भी शामिल रहा, जो उपस्थित जनसमुदाय के लिए प्रेरणा का स्रोत बना। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि सामूहिक विवाह जैसे आयोजन समाज में समानता, सहयोग और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने महिला मण्डल अध्यक्ष ज्योति यादव एवं उनकी टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि यह कार्य ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायी है। बिरला ने नवदंपत्तियों को संबोधित करते हुए कहा, 'जीवन की वास्तविक सफलता रिश्तों, परिवार और समाज में निहित है। एक-दूसरे की भावनाओं का




सम्मान करते हुए, परिवार की भावना को निभाते हुए आगे बढ़ें और अच्छे संस्कारों की विरासत को अपनी आने वाली पीढ़ी तक पहुँचाएं।' उन्होंने विशेष रूप से यह जिम्मेदारी माताओं और समाज की नारी शक्ति पर रेखांकित की कि आने वाली पीढ़ी को शिक्षित एवं संस्कारी बनाना उनका दायित्व है। उन्होंने कहा कि यादव समाज एक मेहनतकश समाज है जो देश और राष्ट्र की उन्नति में निरंतर योगदान दे रहा है।

**अनाथ एवं विधवा माताओं की पुत्रियों को मिली प्राथमिकता**

महिला मण्डल अध्यक्ष ज्योति यादव ने बताया कि इस सम्मेलन में सामाजिक संवेदनशीलता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। अनाथ एवं विधवा माताओं की पुत्रियों को विवाह में सम्मिलित कराया गया, जिससे इस आयोजन का मानवीय आयाम और भी व्यापक हो गया। आयोजन में हाड़ौती संभाग के विभिन्न क्षेत्रों के अतिरिक्त मध्यप्रदेश के गुना जिले से भी एक जोड़ा सम्मिलित हुआ।

गणेश पूजन से विदाई तक उल्लास संयोजक प्रदीप यादव एवं विजय बागोलिया ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः आठ बजे गणेश स्थापना एवं गणेश पूजन के साथ हुआ। तत्पश्चात कलश यात्रा, तोरण एवं वरमाला की पावन रस्में संपन्न हुईं। दोपहर में वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य सभी 25 जोड़ों ने सात फेरे लिए और सायं साढ़े पाँच बजे नवदंपत्तियों को अत्यंत भावपूर्ण वातावरण में विदाई दी गई। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन वर्षा महीवाल ने किया। समिति की ओर नवजोडो उपहार स्वरूप दैनिक दिनचर्या के 25 उपहार भेंट स्वरूप दिए गए।गर्मी के मौसम को देखते हुए आयोजकों ने बड़े-बड़े कूलर, शीतल पेयजल एवं समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की थीं, जिसकी उपस्थित परिजनों एवं जोड़ों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

विशिष्ट अतिथियों की रही उपस्थिति

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक संदीप शर्मा, रेडक्रॉस के स्टेट चेयरमेन राजेश कृष्ण बिरला तथा सेक्रेटरी जगदीश जिंदल उपस्थित रहे। विधायक संदीप शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन जैसे आयोजन दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध एक सशक्त और सार्थक संदेश देते हैं।

**आयोजन समिति का रहा सराहनीय योगदान**

कार्यक्रम की सफलता में जिन समर्पित कार्यकर्ताओं का उल्लेखनीय योगदान रहा उनमें — संयोजक प्रदीप यादव, व्यवस्थापक ललित यादव, संरक्षक शिवचरण यादव, महासचिव शशि यादव, कोषाध्यक्ष अनिता यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रानी यादव,ओम यादव, हजारी लाल,मिंटू,दिलीप विनोदयादव, युवराज यादव, दीपक यादव, राजेश यादव ,जितेंद्र यादव, वीरेंद्र यादव तथा दीपक यादव प्रमुख रहे। आयोजन में 8 से 10 हजार नागरिकों की उपस्थिति ने इस सम्मेलन को एक जनोत्सव का रूप दे दिया।

# भगवान परशुराम का विप्र समाज ने मनाया जन्मोत्सव




▪ स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा**-अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर रविवार को ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विप्र सेना तहसील अध्यक्ष हेमराज शर्मा के नेतृत्व में समाजजनों ने विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लिया। प्रातः 8 बजे पंडित विनीत गौड़ के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान परशुराम की विशेष पूजा-अर्चना की गई। इसके पश्चात उपस्थित सभी समाजजनों ने अपने हाथों से भगवान का विधि-विधान पूर्वक जलाभिषेक किया। तहसील अध्यक्ष हेमराज शर्मा ने बताया कि भगवान परशुराम शक्ति और शास्त्र के संगम हैं, उनका जीवन समाज के लिए सदैव प्रेरणादायी है। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में विप्र बंधु उपस्थित रहे, जिन्होंने भगवान की आरती कर प्रसाद वितरण किया साथ ही शादी समारोह को देखते साय वाहन रेली को स्थगित किया गया ! 6.30 बजे समाज जनों से अपील की अधिक से अधिक संख्या में सभी ब्राह्मण परिवार महाआरती मैं पधारे ! और एक-दूसरे को जन्मोत्सव की बधाई दी।

# महवा में 28 बेटियों का भव्य सामूहिक विवाह, एक ही मंच पर निकाह और फेरे

## पूर्व विधायक ओम प्रकाश हुडला की पहल बनी सामाजिक समरसता और सेवा का प्रतीक



▪ स्मार्ट हलचल

**महवा** । महवा क्षेत्र में रविवार को मानवता, सामाजिक समरसता और सेवा भावना का अद्भुत उदाहरण देखने को मिला, जब पूर्व विधायक ओम प्रकाश हुडला ने अपने पैतृक गांव हुडला स्थित आवास पर 28 जरूरतमंद बेटियों का भव्य सामूहिक विवाह संपन्न करवाया। इस आयोजन की खास बात यह रही कि एक ही पांडाल के नीचे हिंदू रीति-रिवाजों के फेरे और मुस्लिम समाज के निकाह एक साथ सम्पन्न हुए, जिसने गंगा-जमुनी तहजीब की जीवंत तस्वीर पेश की।

कार्यक्रम के दौरान ओम प्रकाश हुडला ने भावुक शब्दों में कहा कि गरीब की बेटी की शादी कराना जीवन का सबसे बड़ा पुण्य है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में बढ़ते दिखावे और पाश्चात्य प्रभाव के कारण समाज में दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या और बाल विवाह जैसी कुरीतियां बढ़ रही हैं, जिन्हें सामूहिक विवाह जैसे आयोजनों के माध्यम से समाप्त किया जा सकता है।

हुडला ने बताया कि वे वर्ष 2003 से इस पुनीत कार्य में जुटे हुए हैं और उनकी यह पहल अब जनआंदोलन का रूप ले चुकी है। अब तक वे सैकड़ों बेटियों का विवाह संपन्न कर अनगिनत परिवारों को नई उम्मीद और सम्मान दे चुके हैं।

समारोह का सबसे भावुक पल तब आया, जब महवा की तीन अनाथ बेटियों—प्रीति बैरवा, सोनम महावर और रेणु महावर—को उन्होंने गोद लेकर एक पिता की भूमिका निभाते हुए उनका विवाह संपन्न कराया। इस दृश्य ने उपस्थित लोगों की आंखें नम कर दीं। हुडला ने कहा कि वे स्वयं को सौभाग्यशाली मानते हैं कि उन्हें इन बेटियों का पिता बनने का अवसर मिला।

सामूहिक विवाह में विभिन्न समाजों की 28 बेटियों के विवाह संपन्न हुए, जिनमें साइना बानो, सानिया खान, सानिया बानो, सोनम बानो और अफसाना बानो के निकाह भी शामिल रहे। एक ही मंच पर निकाह और फेरे होना सामाजिक सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक बन गया।

नवविवाहित जोड़ों को कन्यादान स्वरूप बर्तन, जेवरात और फर्नीचर जैसे आवश्यक घरेलू सामान भेंट किए गए, जिससे वे अपने नए जीवन की शुरुआत सम्मान और आत्मनिर्भरता के साथ कर सकें।

कार्यक्रम में प्रेम प्रकाश हुडला सहित कई जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

महवा की इस पावन धरती पर आयोजित यह सामूहिक विवाह समारोह न केवल 28 बेटियों के जीवन में खुशियां लेकर आया, बल्कि यह भी साबित कर गया कि संवेदनशील नेतृत्व से समाज में सकारात्मक बदलाव संभव है।

# जालकाखेड़ा में भैरवनाथ मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव धूमधाम से सम्पन्न, उमड़ा जनसैलाब



▪ भक्ति, आस्था और उत्साह से सराबोर रहा पूरा क्षेत्र, कलश यात्रा बनी आकर्षण का केंद्र

▪ स्मार्ट हलचल

**काछोला** । काछोला क्षेत्र के जालकाखेड़ा गांव स्थित भगवान श्री देवनारायण मंदिर परिसर में भैरवनाथ के नवनिर्मित मंदिर एवं नवीन मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव भव्य और श्रद्धामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया।

कार्यक्रम की शुरुआत शुभ मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। महावीर पंडित एवं दुर्गालाल तिवाड़ी सहित विद्वान आचार्यों ने विधिवत पूजा-अर्चना, हवन एवं अनुष्ठान संपन्न कराए। प्राण प्रतिष्ठा के दौरान मंदिर परिसर 'जय श्री देवनारायण' और 'भैरवनाथ बाबा की जय' के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धाभाव से पूजा कर परिवार व समाज की सुख-समृद्धि की कामना की।

महोत्सव के तहत गांव में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो प्रमुख मार्गों से होती हुई मंदिर परिसर पहुंची। इस दौरान हजारों महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित होकर सिर पर कलश धारण किए हुए शामिल हुईं। भक्ति गीतों, ढोल-नगाड़ों और बैंड-बाजों के साथ निकली शोभायात्रा ने पूरे गांव को भक्तिरस में रंग दिया। जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया।

कार्यक्रम में विभिन्न स्थानों से पधारे संत-महात्माओं और पुजारियों ने अपने विचार व्यक्त किए। दलपुरा श्याम देवनारायण मंदिर के पुजारी रामगोपाल गुर्जर ने युवाओं को शिक्षा का महत्व बताते हुए परिश्रम और लगन से आगे बढ़ने का संदेश दिया। वहीं ककरोलिया घाटी के पुजारी सांवरमल गुर्जर ने युवाओं को उद्योग, व्यापार और स्वरोजगार की ओर अग्रसर होने का आह्वान किया। सांडेडा जालिया के पुजारी लादूलाल गुर्जर ने अनुशासन, सकारात्मक सोच और निरंतर प्रयास से सफलता प्राप्त करने की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर देवनारायण मंदिर के पुजारी रावता गुर्जर, चांदमल गुर्जर सहित समस्त ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। आयोजन के सफल संचालन में ग्रामीणों और युवाओं का विशेष सहयोग रहा, जिससे कार्यक्रम सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुआ।

महोत्सव के अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और क्षेत्र में सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता और भाईचारे का भी उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आया।

# जसोता में दुखद घटनाओं के बाद बैरवा समाज बना सहारा, सेवा अभियान से जुटाई लाखों की मदद

## अनाथ हुए बच्चों के लिए समाज ने बढ़ाया हाथ, प्रशासन से सरकारी सहायता की मांग



▪ स्मार्ट हलचल

**दौसा** । जिले के जसोता गांव में लगातार हुई दुखद घटनाओं ने एक परिवार को गहरे संकट में डाल दिया, लेकिन ऐसे समय में बैरवा समाज के युवाओं ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए पीड़ित परिवार को सहारा दिया।

जानकारी के अनुसार, जसोता निवासी गिर्राज बैरवा का कुछ समय पूर्व गिरने से निधन हो गया। इससे करीब दो वर्ष पहले उनकी पत्नी का भी असामयिक निधन हो चुका था। इन घटनाओं के बाद परिवार पूरी तरह टूट गया। परिवार में तीन बेटियां और एक 8 वर्षीय बेटा है, जिनकी देखभाल के लिए अब कोई अभिभावक नहीं बचा है।

ऐसी विषम परिस्थिति में बैरवा समाज नवयुवक टीम ने आगे आकर सोशल मीडिया के माध्यम से दो सेवा अभियान चलाए। पहले अभियान के तहत पत्नी के निधन के समय समाज के सहयोग से 2,50,100 की सहायता राशि एकत्रित की गई थी।

वहीं वर्तमान में स्व. गिर्राज बैरवा के निधन के बाद चलाए गए दूसरे अभियान में अब तक 10 बोरी गेहूं और 1,46,788 की राशि एकत्रित की गई है। समाज के लोगों ने दिल खोलकर सहयोग करते हुए पीड़ित परिवार को संबल प्रदान किया और बच्चों का हौसला बढ़ाया।

इस सेवा कार्य की देखरेख मुकेश बैरवा (BSF), हरलाल गुरु, प्रहलाद बैरवा एवं राजवीर बैरवा ने की, जबकि अभियान का संचालन बालू सहाय बैरवा (स्वास्थ्य विभाग), रमेश बैरवा (ITBP, दिल्ली), सुनील और अंशु द्वारा किया गया।

एकत्रित सहायता राशि ग्राम सरपंच हरिनारायण मीणा की उपस्थिति में पीड़ित परिवार को ससम्मान सौंप दी गई। इस दौरान ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि पीड़ित परिवार का नाम बीपीएल सूची में शामिल कर उन्हें सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ दिलाया जाए।

यह पहल न केवल सामाजिक एकता का उदाहरण बनी, बल्कि जरूरतमंद परिवार के लिए आशा की किरण भी साबित हुई।

# गुमान सिंह शक्तावत ने फिर किया कमाल, RAS-2024 में 161वीं रैंक हासिल



▪ स्मार्ट हलचल

**मांडलगढ़** / क्षेत्र के नवलपुरा निवासी गुमान सिंह शक्तावत ने एक बार फिर अपनी मेहनत का लोहा मनवाया है। उन्होंने राजस्थान प्रशासनिक सेवा (RAS) परीक्षा 2024 में 161वीं रैंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

गुमान सिंह इससे पहले भी निरंतर सफलता की सीढ़ियां चढ़ते रहे हैं। वर्ष 2021 की RAS परीक्षा में उन्होंने 1367वीं रैंक हासिल की थी। इसके बाद RAS-2023 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 263वीं रैंक प्राप्त की, जिसमें उनका चयन सहायक रजिस्ट्रार पद पर हुआ।

RAS में सफलता से पहले गुमान सिंह केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (CGST) विभाग में इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत रह चुके हैं।

परिवार का मिला पूरा सहयोग गुमान सिंह एक साधारण परिवार से संबंध रखते हैं। उनके पिता कृषि कार्य से जुड़े हुए हैं, जबकि माता गृहिणी हैं। परिवार ने हर कदम पर उनका हौसला बढ़ाया और पढ़ाई के लिए सकारात्मक माहौल दिया।

परिजनों का कहना है कि गुमान सिंह शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर और मेहनती रहे हैं। उनकी सफलता के पीछे परिवार का सहयोग और उनकी निरंतर मेहनत अहम रही है।

उनकी इस उपलब्धि से नवलपुरा सहित पूरे मांडलगढ़ क्षेत्र में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों और परिजनों ने मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

गुमान सिंह की यह सफलता युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन रही है, जो लगातार प्रयास और दृढ़ संकल्प से अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का संदेश देती है।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण परिषद (रजि): जयघोष और केसरिया ध्वजों से गुंजायमान हुआ लेकसिटी



▪ स्मार्ट हलचल

**उदयपुर:** अखिल भारतीय ब्राह्मण परिषद (रजि.) उदयपुर एवं सर्व ब्राह्मण समाज के संयुक्त तत्वावधान में भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम का रविवार को भव्य समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य आकर्षण के रूप में शहर में एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैंकड़ों की संख्या में ब्राह्मण समाज के स्त्री-पुरुष और युवा पारम्परिक वेशभूषा में सम्मिलित हुए।

### केसरिया रंग में रंगा शहर, 'जय परशुराम' के नारों से गूँजी गलियाँ

शोभायात्रा का शुभारंभ शाम 4 बजे शहर के फतह स्कूल मैदान से हुआ। गाजे-बाजे और केसरिया ध्वजों के साथ निकली इस यात्रा में भगवान परशुराम की नयनाभिराम झाँकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। ब्राह्मण परिषद के प्रदेश अध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ) विजय जोशी ने बताया कि इस यात्रा के माध्यम से समाज ने सनातन धर्म की रक्षा, सामाजिक एकजुटता, अखंड भारत और मानव कल्याण का सशक्त संदेश दिया है।

### इन मार्गों से गुजरी शोभा यात्रा

भक्ति और उत्साह से सराबोर यह शोभायात्रा फतह स्कूल से प्रारंभ होकर अस्पताल मंदिर, धानमंडी, देहली गेट और बापू बाजार होते हुए पुनः फतह स्कूल पहुँची, जहाँ इसका भव्य समापन किया गया। पूरे मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया।

### प्रमुख पदाधिकारियों की रही उपस्थिति

इस गरिमामयी आयोजन में समाज के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि और परिषद के प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे। जिनमें मुख्य रूप से: **प्रदेश नेतृत्वः** विजय जोशी (युवा प्रदेश अध्यक्ष), केशव मोड़ (उपाध्यक्ष), अनीता पालीवाल (प्रदेश महासचिव)। जिलानेतृत्वः प्रदीप पानेरी (जिलाध्यक्ष), डॉ.मधु मेनारिया (महिला अध्यक्ष), गौतम सिंह (युवा अध्यक्ष)। विशिष्ट उपस्थितिः मिहिर जानी, हरीश व्यास, भंवर अम्बर मेनारिया (जिला मार्गदर्शक), दीपक शर्मा, लोकेश जोशी (युवा महामंत्री), महेश मोड़, जितेंद्र मोड़। महिला एवं युवा शक्तिः दीप्ति पालीवाल, सुमन मेहता, सेजल मेनारिया, प्रकाश शर्मा, बद्री भाई, पंकज सुखवाल, दीपक श्रीमाली, गोविन्द पुष्करणा सहित महिला एवं पुरुष प्रकोष्ठ के सैंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महामंडलेश्वर बाबू गिरी महाराज का सिंधी समाज ने किया भव्य अभिनंदन

▪ स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा**/श्री पंचायती निरंजनी अखाड़ा, हरिद्वार के महामंडलेश्वर पद पर आसीन होने पर श्री बाबू गिरी जी महाराज का सिंधी समाज द्वारा भव्य अभिनंदन किया गया। नाथद्वारा सराय स्थित दादा हेमराजमल झूलेलाल मंदिर में दादा हेमराजमल सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित समारोह में समाजबंधुओं ने महाराज का शाल ओढ़ाकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया। समिति पदाधिकारियों ने महाराज का अभिनंदन करते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग व मातृशक्ति मौजूद रही।



स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। सह. सम्पादक मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com

# राजस्थान ब्राह्मण महासभा शाखा जोबनेर के तत्वावधान में भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

▪ स्मार्ट हलचल

**जोबनेर-** भगवान परशुराम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर धानास (जोबनेर) सहित आसपास के क्षेत्रों में विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। यह संपूर्ण आयोजन राजस्थान ब्राह्मण महासभा, शाखा जोबनेर के तत्वावधान में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर आयोजित भव्य शोभायात्रा एवं नगर भ्रमण ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया। शोभायात्रा में भगवान परशुराम की आकर्षक झांकी सजाई गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा के दौरान नगर के विभिन्न स्थानों पर जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का भव्य



स्वागत किया गया। सर्व समाज के लोगों ने मिलकर श्रद्धा एवं उत्साह के साथ स्वागत एवं सम्मान किया, जिससे सामाजिक समरसता और एकता का सुंदर संदेश प्रसारित हुआ।

इस पावन अवसर पर भगवान परशुराम मंदिर, धानास (जोबनेर) में विशेष स्नान-पूजन एवं महाआरती का आयोजन भी किया गया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और सभी ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान परशुराम का आशीर्वाद प्राप्त किया। महाआरती के दौरान पूरा वातावरण भक्ति और श्रद्धा से गूंज उठा।

इस भव्य आयोजन में दयाल महाराज, वैद्य रामचरण तिवाड़ी, भामाशाह हरि जी शर्मा, ज्वाला सहाय गौड़, सुरेश पारीक, अमरचंद शर्मा, बद्रीनारायण शर्मा, रविंद्र बदांगना, प्रहलाद शर्मा, हनुमान लाल शर्मा, मोहन शर्मा, नालचंद शर्मा, अमित पारीक, रवि शर्मा, कमलेश गौड़ सहित सैकड़ों गणमान्य समाज के लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान भामाशाह सम्मान भी किया गया, जिसमें समाज के सहयोगियों को उनके विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में क्षेत्र के युवाओं, समाज के गणमान्य नागरिकों एवं समस्त श्रद्धालुओं का विशेष योगदान रहा। सभी ने मिलकर इस आयोजन को ऐतिहासिक एवं यादगार बना दिया।

अंत में आयोजकों द्वारा सभी श्रद्धालुओं, सहयोगियों एवं सहभागियों का हृदय से आभार व्यक्त किया ।

# अक्षय तृतीया पर इक्षु रस पान सेवा,तलवंडी जैन मंदिर में शुद्ध 1100 ग्लास इक्षु रस वितरित

▪ स्मार्ट हलचल

**कोटा।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर जैन समाज की सेवा भावना का प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए तलवंडी मंदिर समिति के तत्वावधान में इक्षु रस (गन्ना जूस) पान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्ष अशोक पहाडिया ने बताया कि इस अवसर पर श्रद्धालुओं एवं आमजन को कुल 1100 ग्लास इक्षु रस वितरित किया गया। महामंत्री प्रकाश सामरिया ने बताया कि जैन धर्म में अक्षय तृतीया का विशेष महत्त्व है। मान्यता के अनुसार जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव



— जिन्हें आदिनाथ भी कहा जाता है उन्होने एकवर्ष से अधिक दीर्घ तपस्या के दौरान वे आहार चर्या के लिए अनेक नगरों में भ्रमण किया,अंततः वैशाख शुक्ल तृतीया के दिन हस्तिनापुर के राजा श्रेयांस कुमारइक्षु रस — अर्थात् गन्ने का ताजा रस — से पारणा कराई। यह जैन धर्म का प्रथम आहार दान था। जे के जैन ने बताया कि कार्यक्रम में अनुमोदक परिवारों में प्रकाशचंद, अभिषेक, अनिमेष (दीपपूरा परिवार), देवेंद्र, बीना, अर्पित (धनोपिया परिवार) तथा प्रकाशचंद्र, पलाश एवं ईशान जैन का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोगी के रूप में शुभम लुहाड़िया, राजू लुहाड़िया, राजकुमार हरसौरा, राजेश बरमुंडा, अनिल डाबी, राहुल बगड़ा, संदीप सेठी, अचल सामरिया, क्षितिज धनोपिया, सुदर्शन , संजीव पाटनी, कमल गोधा सहित तलवंडी युवा शक्ति के कर्मठ साथियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# जोगणिया माता में 20 अप्रैल आखातीज पर रावणा राजपूत समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन

▪ स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा** [ शिव लाल जांगिड़ ] क्षेत्र के प्रसिद्ध आस्था के केंद्र जोगणिया माता शक्तिपीठ पर सोमवार 20 अप्रैल आखातीज पर रावणा राजपूत समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन जोगणिया माता में होगा। तुलसी विवाह सहित 21जोड़े सोमवार विवाह बंधन में बंधेंगे। सामूहिक विवाह सम्मेलन के मुख्य अतिथि माननीय लोकसभा स्पीकर ओम बिरला होंगे बेगू विधायक सुरेश धाकड़ सहित कई जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। रविवार को विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए उपखंड अधिकारी महोदय अंकित सामरिया तहसीलदार



गोपाल जीनगर नायब तहसीलदार विष्णु यादव थाना अधिकारी कमल चंद मीणा जोगणिया माता शक्तिपीठ संस्थान अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी आयोजन समिति के अध्यक्ष शंभू सिंह सोलंकी डाबी संरक्षक दलपत सिंह सांखला जयपुर भंवर सिंह कानावत, महामंत्री शंभू सिंह गहलोत प्रवक्ता रतन सिंह राणावत सचिव हिम्मत सिंह भाटी, महेंद्र सिंह सोलंकी,भीलवाड़ा जिलाध्यक्ष भंवर सिंह भाटी संयोजक कालू सिंह चौहान ,कोषाध्यक्ष राम सिंह सांखला, सहसंयोजक रतन सिंह चौहान, बाबू सिंह राणावत सोहन सिंह सोलंकी राजेंद्र सिंह चौहान ,कालू सिंह सोलंकी,मनोहर सिंह भाटी जय किशन सिंह राठौड़, घनश्याम सिंह डाबी ने मंच व्यवस्था पांडाल व्यवस्था भोजन व्यवस्था पार्किंग व्यवस्था सुरक्षा व्यवस्था जल व्यवस्था अयोध्या पुरी जनकपुरी चिकित्सा पूछताछ पाणिग्रहण संस्कार स्थल, रतन सिंह राणावत सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं तैयारी को अंतिम रूप दिया।

# दूनी में अक्षय तृतीया पर परशुराम जन्मोत्सव मनाया गया:

## विप्र समाज सहित सर्वसमाज ने भक्तिमय माहौल में कार्यक्रम आयोजित किए

▪ स्मार्ट हलचल

**दूनी/** कस्बे और आसपास के क्षेत्रों में अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। दूनी नगरपालिका क्षेत्र में विप्र समाज सहित सर्वसमाज ने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया।

जन्मोत्सव के अवसर पर सुबह के सत्र में मंदिरों में विशेष अभिषेक, पूजा-अर्चना और महाआरती का आयोजन किया गया। विद्वान पंडितों के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ



विश्व शांति और खुशहाली की कामना की गई।

दूनी नगरपालिका में आयोजित इन कार्यक्रमों ने न केवल धार्मिक चेतना को जागृत किया, बल्कि आपसी भाईचारे और एकता का संदेश भी दिया। आयोजकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी नगरवासियों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर सत्यनारायण तिवाड़ी, प्रहलाद तिवाड़ी, भगवान फकोट, राजेश पारीक, प्रहलाद बड़ोली, रामकिशन तिवाड़ी, प्रेमचन्द चास्ता, बाबूलाल राजोरा, सुरेश राजोरा, मनोज पारीक, विजय पारीक, राजेश बन्डेडिया, अशोक बन्डेल, चेतन तिवाड़ी, हंसराज तिवाड़ी, अविनाश तिवाड़ी, बद्री व्यास, प्रेमचन्द राजोरा, अमित व्यास, अतुल पाराशर, श्याम सुन्दर तिवाड़ी, जितेन्द्र पाराशर, विक्रम पाराशर, महेश जी तिवाड़ी, गणेश शर्मा और अर्जुन शर्मा सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# नटवाड़ा के बद्री विशाल मन्दिर शिखर पर नहीं बैठा पक्षी-फिर भी श्रद्धा और परंपरा का उत्साह बरकरार,



▪ स्मार्ट हलचल

**- अक्षय तृतीया पर दो दिवसीय वार्षिक मेले का शुभारंभ-हजारों श्रद्धालु हुए शामिल**

**टोंक** । जिले के नटवाड़ा ग्राम पंचायत मुख्यालय गांव में अक्षय तृतीया के अवसर पर बद्री विशाल मंदिर का दो दिवसीय वार्षिक मेला श्रद्धा और परंपरा के साथ शुरू हुआ। मेले का शुभारंभ कनक दण्डवत यात्रा और ध्वजारोहण के साथ किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।विधिवत पूजा-अर्चना के बाद भव्य शोभायात्रा निकाली गई।परंपरा के अनुसार ध्वजारोहण के बाद मंदिर शिखर पर पक्षी का बैठना वर्ष के लिए शुभ संकेत माना जाता है, लेकिन इस बार निर्धारित समय में पक्षी नहीं बैठा, जिससे कुछ लोगों में हल्की मायूसी रही। हालांकि, ग्रामीणों ने शीतल हवा को शुभ संकेत मानते हुए आस्था बनाए रखी। अंत में प्रसाद वितरण के साथ आयोजन का समापन हुआ।

# कल्याण धणी की पावन धरा में आखातीज के अबूझ सावे पर दस जोडें दाम्पत्य बन्धन में बंधे



▪ स्मार्ट हलचल

**भुसावर /** कल्याण धणी डिग्गी कल्याण में अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर स्व. श्री शिवदत्त पांडेय थानेदार मेमोरियल भुसावर एवं कल्याण धणी सर्व-धर्म समाज फाउन्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में अक्षय तृत्तीय के अबूझ सावे पर दस कन्याओं का निःशुल्क वैवाहिक कार्यक्रम यज्ञ वेदियों के समक्ष वैदिक मंत्रोचार के साथ सम्पन्न हुआ इस अवसर पर सर्व समाज के दस जोडों ने दाम्पत्य सूत्र में बंध कर अपने सुखमय दाम्पत्य जीवन की शुरुआत की इस आयोजन में अंतर्राष्ट्रीय समसता मंच, गोविन्द ग्रूप फाउन्डेशन रेनवाल, हिमांगी टफ ग्लास सोल्यूशन, इत्यादि संस्थायें अग्रणी सहयोगी के रूप रही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेंद्र नायक अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री अनुसूचित जाति वित्त विकास आयोग राजस्थान सरकार विशिष्ट अतिथि राजीव शर्मा ए ए क्लास कॉन्ट्रैक्टर नई दिल्ली, एडवोकेट जयकान्त विबाल अपर लोक अभियोजक रतनगढ, श्रीमती तुहिना प्रकाश शर्मा समाज सेवी पुष्कर, सवेन्द्रजीत सिंह गवर्नमेंट कॉन्ट्रैक्टर व्याबर, डॉ चन्द्रशेखर शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा, शिवहरि शर्मा संयोजक बजरंग सेना राजस्थान रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता जम्बूदीप पदम श्री इंजी.नरेन्द्र कुमार पाण्डेय एडवोकेट द्वारा की गयी इस अवसर पर सभी विवाहित जोडों की निकासी निकालकर कल्याण धणी के दरबार में धोक लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया तत्पश्चात पाणिग्रहण संस्कार के अगले कार्यक्रमों की शुरुआत की गयी अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच के संयोजक डॉ कुलदीप प्रसाद शर्मा एडवोकेट ईस्ट-वेस्ट ला फर्म नेपाल ने बताया कि विश्व रत्न स्वं. श्री महावीर प्रसाद टोरडी ने कल्याण धणी सर्व-धर्म समाज फाउन्डेशन की स्थापना सन 2010 में की थी समय से लगातार कल्याण धणी की पावन धरा पर सर्व समाज के युवक एवं युवतियों का निःशुल्क वैवाहिक कार्यक्रम आयोजित किया कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं संयोजक स्व. श्री शिवदत्त पांडेय थानेदार मेमोरियल भुसावर जम्बूदीप पदम इंजी.नरेन्द्र कुमार पाण्डेय एडवोकेट ने बताया कि कल्याण धणी के आशीर्वाद से नवविवाहित जोडों का निःशुल्क वैवाहिक कार्यक्रम में सर्व समाज के निर्धन एवं असहाय कन्याओं को शामिल कर दाम्पत्य सूत्र में बांध कर कल्याण धणी से उनके सुखमय भविष्य की कामना कर जीवन की अग्रिम यात्रा के लिये रवाना कर दिया जाता है, इस निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन कार्यक्रम का सफल प्रबंधन प्रमोद कुमार शर्मा ने किया तथा समारोह का छायांकन कार्य रामचरन वर्मा एवं मन्थन शर्मा ने किया ।

# धर्म रक्षा के लिए सड़कों पर उतरा हिंदू समाज; कुमारनन्द सर्किल पर फूंका पुतला



▪ स्मार्ट हलचल

ब्यावर। विश्व हिंदू परिषद (VHP) और बजरंग दल द्वारा 'विकृत जिहादी मानसिकता' एवं 'लव जिहाद' के विरुद्ध राष्ट्रव्यापी आह्वान के तहत चांग गेट स्थित कुमारनन्द सर्किल पर उग्र विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान सकल हिंदू समाज के साथ दुर्गा वाहिनी और मातृशक्ति की कार्यकर्ताओं ने भी भारी संख्या में भाग लिया।

धर्म रक्षा हेतु एकजुट हुआ हिंदू समाज प्रदर्शन के दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि अब अत्याचार सहने का समय समाप्त हो चुका है। अपनी संस्कृति, समाज और बहन-बेटियों की सुरक्षा के लिए एकजुट होना अनिवार्य है। 'धर्म रक्षा हेतु एक घंटा राष्ट्र को दें' के नारे के साथ कार्यकर्ताओं ने समाज को जागरूक रहने का संदेश दिया।

**पुतला दहन और नारेबाजी**

विरोध प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने जिहादी मानसिकता के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की और विरोध स्वरूप पुतला दहन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि यह आंदोलन समाज में फैल रही विकृतियों को रोकने के लिए एक निर्णायक हुंकार है।

मुख्य रूप से उपस्थित पदाधिकारी इस अवसर पर संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे, जिनमें मुख्य रूप से:

**जिला मंत्री: गणपत बालोटिया**
**जिला सह-मंत्री: राजीव मिश्रा**
**मीडिया प्रमुख: हरमीत सिंह**

साथ ही सुरेश साहू, शैलेश सोनी, मुरली साहू, हनुमान बना, नंदू कुमावत, एडवोकेट कमल बकलीवाल, राकेश जांगिड़, और मातृशक्ति से पद्मा सोनी, अंजू शर्मा, हिमांशी, राजेश्वरी यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**संदेश:** आयोजकों ने स्पष्ट किया कि हिंदू समाज की सुरक्षा और स्वाभिमान के लिए बजरंग दल भविष्य में भी इसी प्रकार के राष्ट्रव्यापी कदम उठाता रहेगा।

# बाल विवाह की सूचना पर प्रशासन की त्वरित कार्रवाई, समझाइश से टला विवाह



▪ स्मार्ट हलचल

**शक्करगढ़** / सूचना मिलने पर प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई की। मौके पर थाना अधिकारी तथा हल्का पटवारी श्री आदेश मीणा पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। जांच के दौरान नीरुदेवी पत्नी शंकरलाल जारवाल (जाति बैरवा, निवासी टीठोड़ा) द्वारा अपने पुत्र बनवारी एवं पुत्री सपना का बाल विवाह किए जाने की संभावना सामने आई। इस पर अधिकारियों ने ग्रामवासियों एवं प्रतिष्ठित व्यक्तियों की मौजूदगी में नीरुदेवी को समझाइश दी। समझाइश के बाद नीरुदेवी ने बाल विवाह नहीं करने का आश्वासन दिया, जिसके चलते प्रशासन ने उन्हें भविष्य में ऐसा कृत्य न करने के लिए पाबंद किया। प्रशासन की तत्परता और सजगता से एक संभावित बाल विवाह को समय रहते रोका गया। रिपोर्ट माननीय अधिकारी को प्रस्तुत कर दी गई है।

# मेघवंशी मेघवाल समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह 24 मई को, तैयारियों के लिए समितियां गठित



▪ स्मार्ट हलचल

ब्यावर। सर्व मेघवंशी मेघवाल समाज विकास संस्था, ब्यावर की एक महत्वपूर्ण आम सभा बाबा रामदेव मंदिर (शाहपुरा मोहल्ला) में आयोजित की गई। संरक्षक नारायण मेहड़ा एवं अध्यक्ष गुरु शरण गोयल के सानिध्य में हुई इस बैठक में आगामी 24 मई 2026 को आयोजित होने वाले 'तृतीय प्रतिभा सम्मान समारोह' की तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए पत्रक का विमोचन किया गया।

इन प्रतिभाओं का होगा सम्मान: संस्था सचिव राधेश्याम कटारिया ने बताया कि समारोह में मुख्य रूप से 80% या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले कक्षा 10वीं व 12वीं के छात्र-छात्राओं, कॉलेज शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों, तथा हाल ही में सरकारी सेवाओं में नव-चयनित व नव-नियुक्त समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। अंबेडकर भवन में होने वाले इस भव्य आयोजन में मेधावियों को सम्मान पत्र, प्रतीक चिन्ह, मेडल और डिक्शनरी भेंट की जाएगी।

**व्यवस्थाओं के लिए समितियों का वितरण:**

कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न करने हेतु विभिन्न समितियों का गठन कर जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं:

**भोजन व जल व्यवस्था:** सुगनचंद पवार, हरी प्रसाद कड़ेला, सोमेश भाटी, राजेंद्र लीलड़ व हरीश बोचिया।

**टेंट व डेकोरेशन:** पृथ्वीराज चौहान, भंवर मंडेला, मनोज जयपाल, जगदीश मेहरा और पुष्पेंद्र पाल पवार।

**अतिथि सत्कार:** सोमेश भाटी, हीरा राम सोलंकी, मोहन लाल तंवर व अन्य।

**प्रचार-प्रसार:** संजय चौहान एवं सोशल मीडिया टीम

**प्रशासनिक दिग्गज बढ़ाएंगे उत्साह:** संस्था ने निर्णय लिया है कि समारोह में समाज के उच्च पदस्थ IAS और RAS अधिकारियों सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को आमंत्रित किया जाएगा, ताकि उनके मार्गदर्शन से युवाओं को प्रेरणा मिल सके।

**आवेदन की प्रक्रिया:** प्रतिभाओं के आवेदन पत्र संग्रहित करने की जिम्मेदारी हीराराम सोलंकी, सोहनलाल तंवर और पुखराज वानर को दी गई है। समारोह को सफल बनाने के लिए भामाशाहों का सहयोग लिया जा रहा है, जिसमें प्रिंटिंग कार्य का जिम्मा सुमिरन लाइब्रेरी ब्यावर ने उठाया है।

**बैठक में ये रहे मौजूद:** इस दौरान नरोत्तम जयपाल, कैलाश गडेर, मुन्नालाल पवार, भंवर लाल पिंडियार, रतन सिंह हेजू, सुनील तलेपा, ताराचंद वर्मा, प्रदीप परिहार, जतिन गुजरिया, जोगाराम देपन सहित समाज के अनेक प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे।

# महामंडलेश्वर बाबू गिरी महाराज का सिंधी समाज ने किया भव्य अभिनंदन



▪ स्मार्ट हलचल

**शक्करगढ़** / सूचना मिलने पर प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई की। मौके पर थाना अधिकारी तथा हल्का पटवारी श्री आदेश मीणा पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। जांच के दौरान नीरुदेवी पत्नी शंकरलाल जारवाल (जाति बैरवा, निवासी टीठोड़ा) द्वारा अपने पुत्र बनवारी एवं पुत्री सपना का बाल विवाह किए जाने की संभावना सामने आई। इस पर अधिकारियों ने ग्रामवासियों एवं प्रतिष्ठित व्यक्तियों की मौजूदगी में नीरुदेवी को समझाइश दी। समझाइश के बाद नीरुदेवी ने बाल विवाह नहीं करने का आश्वासन दिया, जिसके चलते प्रशासन ने उन्हें भविष्य में ऐसा कृत्य न करने के लिए पाबंद किया। प्रशासन की तत्परता और सजगता से एक संभावित बाल विवाह को समय रहते रोका गया। रिपोर्ट माननीय अधिकारी को प्रस्तुत कर दी गई है।

# ब्यावर पुलिस की बड़ी कार्रवाई: राह चलती बुजुर्ग महिला से लूट करने वाला शातिर आरोपी दिल्ली से गिरफ्तार

## 1.80 लाख के सोने के जेवरात बरामद; 400 सीसीटीवी कैमरों और 500 किमी के पीछा करने के बाद गिरफ्त में आया बदमाश




▪ स्मार्ट हलचल

ब्यावर । जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह (IPS) के नेतृत्व में ब्यावर पुलिस ने वृद्ध महिला के साथ हुई झपट्टा मारकर लूट की वारदात का पर्दाफाश करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी निर्मल सिंह उर्फ बिट्ठू को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 1 लाख 80 हजार रुपये मूल्य के सोने के मादलिया बरामद किए हैं।

**रास्ता पूछने के बहाने की थी लूट**

घटना 13 अप्रैल 2026 की है, जब बार निवासी 65 वर्षीय कोयली देवी अपने खेत से बकरियां लेकर घर लौट रही थीं। रास्ते में पल्सर बाइक सवार दो बदमाशों ने रास्ता पूछने के बहाने उन्हें रोका और गले पर झपट्टा मारकर सोने-चांदी के जेवरात छीनकर फरार हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने बीएनएस (BNS) की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

**400 कैमरों की मदद और 500 किमी पीछा**

एसपी रतन सिंह ने बताया कि वारदात के खुलासे के लिए गठित विशेष टीम ने घटनास्थल से लेकर हाईवे तक करीब 400 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। तकनीकी अनुसंधान और साइबर सेल की मदद से आरोपी की लोकेशन दिल्ली और गाजियाबाद में मिली। पुलिस टीम ने करीब 500 किलोमीटर पीछा कर आरोपी को दिल्ली में उसके संभावित ठिकाने से दबोच लिया।

**आरोपी का विवरण और बरामदगी**

**गिरफ्तार आरोपी:** निर्मल सिंह उर्फ बिट्ठू (21 वर्ष), निवासी देवनगर चांग, थाना सेंदड़ा।

**बरामदगी:** आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने लूटे गए करीब 1.80 लाख रुपये मूल्य के सोने के 5 मादलिया बरामद किए हैं।

**सह-आरोपी:** पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी शहजाद उर्फ रानी के साथ मिलकर वारदात करना कबूल किया है, जिसकी तलाश जारी है।

विशेष टीम की भूमिका

इस ऑपरेशन को सफल बनाने में थानाधिकारी (बार) समजिदा बानू, डीएसटी प्रभारी विजय सिंह, साइबर सेल प्रभारी सरफराज और कांस्टेबल राजुराम (विशेष योगदान) सहित पूरी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। गिरफ्तार आरोपी पूर्व में भी चोरी के मामलों में लिप्त रहा है।

# एरिया डॉमिनेशन अभियान में जिले के 42 आरोपियों को किया गिरफ्तार



▪ स्मार्ट हलचल

**पावटा** / एरिया डॉमिनेशन अभियान के तहत कोटपुतली -बहरोड जिले में की गई कारवाई में 124 पुलिसकर्मीयो की 30 टीमों ने 190 स्थानों पर एक साथ एक ही समय पर दबिश देकर एवं छापेमारी की कार्यवाई कर 42 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह ने बताया कि उक्त अभियान में उदघोषित अपराधी, स्थाई वारंटी, वांछित अपराधियों के खिलाफ कोटपुतली -बहरोड जिला पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई की गई है। जिले में इस अभियान के तहत कार्यवाही राहुल प्रकाश, महानिरीक्षक पुलिस जयपुर रेंज, जयपुर द्वारा मिले दिशा निर्देशों पर की गई है। जिसके चलते जिला पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह के पर्यवेक्षण में अपराधियों का चिन्हीकरण कर उनके संभावित ठिकानों और गतिविधियों की जानकारी व निगरानी के लिए नाजिम अली खान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली व सुरेश खींची, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमराना एवम समस्त वित्ताधिकारी, समस्त थानाधिकारी एवं गठित टीमों द्वारा संभावित स्थानों पर दबिश एवं छापेमारी के लिए विशेष तैयारी की गई थी। इन 42 आरोपियों की गिरफ्तारी होने से पुलिस ने अन्य वारदातों में भी खुलासा होने की संभावना जताई है।